तालमेल

TATA

TATA STEEL LIMITED अप्रैल, 2011 अंक 2 www.tatasteel.com

श्री नेरूरकर टाटा पिगमेंट के 53 वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए

जे एन टाटा की प्रतिमा का अनावरण, टाटा पिगमेंट में 11,100 टन के रिकॉर्ड उत्पादन की घोषणा

टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक श्री एच एम नेरुरकर ने टाटा पिगमेंट्स के 53 वें स्थापना दिवस पर 2 अप्रैल को टाटा पिगमेंट्स कंपनी का दौरा किया। टाटा घराने के संस्थापक के प्रति श्रद्धा दर्शाते हुए श्री नेरुरकर ने जे एन टाटा की एक प्रतिमा का अनावरण किया और स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन किया।

टाटा पिगमेंट्स के प्रबंध निदेशक श्री प्रकाश सरोडे ने श्री नेरुरकर का स्वागत किया और उन्हें बताया कि वर्ष 2010–11 के दौरान टाटा पिगमेंट्स ने उत्पादन एवं बिक्री के सभी पुराने कीर्तिमानों को ध्वस्त करते हुए 11,100 टन का लक्ष्य हासिल कर लिया है।

श्री नेरुरकर ने टाटा पिगमेंट्स के गौरवशाली इतिहास एवं विकास पर आधारित एक प्रदर्शनी का भी उद्‌घाटन किया और कंपनी की विकास यात्रा के बारे में जानकारी हासिल की। इस प्रदर्शनी में कंपनी की 1959 से लेकर 2011 तक की यात्रा की झलक दिखायी गयी। 1959 में कंपनी का नाम था सायनाइड्स ऐंड पिगमेंट्स प्राईवेट लिमिटेड। श्री नेरुरकर ने टाटा पिगमेंटस की उपलब्धियों की सराहना की और व्यवसाय को बढ़ाने में टाटा स्टील तथा टाटा समूह की कंपनियों की ओर से हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर श्री संजीव पॉल, चेयरमैन, टाटा पिगमेंट्स लिमिटेड एवं वाइस प्रेसिडेंट (कॉर्पोरेट सर्विसेज), टाटा स्टील, श्री राकेश्वर पांडेय, अध्यक्ष, टाटा पिगमेंटस वर्कर्स यूनियन, श्री ए एम मिश्रा, वाइस प्रेसिडेंट (कोक, सिंटर आयरन एवं इंडस्ट्रियल रिलेशंस) तथा श्री पार्थो सेनगुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट (रॉ मेटेरियल्स), श्री मनीष शर्मा, एमडी, जुस्को, श्री अमिताभ बख्शी, एमडी, जेमिपोल,, श्री बी के दास, श्री देवाशीष भट्टाचार्या, निदेशक, टाटा पिगमेंट्स लिमिटेड, श्री बी पी एस पनवर, पूर्व एमडी, टाटा पिगमेंट्स एवं यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

श्री संजीव पॉल ने इस मौके पर वर्ष 2011–12 के लिए टाटा पिगमेंट्स लिमिटेड के एनुअल ऑपरेटिंग प्लान जारी किया और कहा कि सभी क्षेत्रों में त्वरित विकास हासिल करने हेतु सभी संभव प्रयास किये जायेंगे। श्री राकेश्वर पांडेय ने श्रमिकों द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की और श्रम बल के लिए कामकाज का आदर्श माहौल सुनिश्चित करने हेतु टाटा स्टील एवं टाटा पिगमेंट्स प्रबंधन का शुक्रिया अदा किया।